हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, रविवार, 6 जुलाई 2025

11 नौ की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर एकजुट हुए कर्मचारी



12 तीसरे दिन भूख हड़ताल पर रहे पंच, प्रशासन ने नहीं ली सुध



# नागरिक अस्पताल के जन औषधि केंद्र की छत का प्लास्टर गिरा, भय का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला स्तरीय नागरिक अस्पताल का भवन लोक निर्माण विभाग द्वारा एक दशक पहले कंडम घोषित किया जा चुका है, लेकिन नया भवन तैयार नहीं होने के चलते अब भी पुराने कंडम भवन में ही अस्पताल को संचालित किया जा रहा है। इस कंडम भवन में चलाए जा रहे जन औषधि केंद्र की छत का प्लास्टर अचानक गिर पड़ा। इससे स्टाफ में डर का माहौल उत्पन्न हो गया। प्लास्टर भारी मात्रा में गिरने से वहां लगा पंखा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी मुताबिक प्रातःकाल को नागरिक अस्पताल भवन की सेवाएं सामान्य तौर चल रही थी। तभी प्रातः करीब नौ बजे अचानक जन औषधि केंद्र की छत से प्लास्टर भारी मात्रा में प्लास्टर आ गिरा। सौभाग्य की बात यह रही कि उस वक्त ज्यादा आवाजाही नहीं होने जहां प्लास्टर गिरा, वहां कोई मौजूद नहीं था। अन्यथा कोई हादसा भी हो सकता था, क्योंकि प्लास्टर भारी मात्रा में गिरा था। इससे वहां लगे सीलिंग फैन की पंखुड़ियां मुड़कर क्षतिग्रस्त हो गई।

अचानक से प्लास्टर गिरने व पंखा टूटने से अफरातफरी मच गई। प्लास्टर गिरने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने केंद्र का जायजा लिया। गौर हो कि नागरिक अस्पताल का पुराना भवन लगभग 50-60 पुराने भवन में चल रहा है तथा पीडब्ल्यूडी द्वारा इसे कंडम भी घोषित किया जा चुका है। सरकार द्वारा इसी परिसर में नए अस्पताल भवन को पांच साल से टेंडर दिया हुआ था, लेकिन वह 7 मंजिला 200 बैड का भवन बार-बार ढिलाई के कारण तैयार नहीं हो पाया, जिस कारण पुराने ठेकेदार का टेंडर रद कर दिया और अब नए टेंडर जारी करने की तैयारी चल रही है। जब तक यह नया भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक इस पुराने कंडम भवन में ही अस्पताल की सेवाएं चलती रहेंगी। इसी कारण इस पुराने भवन में अब तक सभी ओपीडी, जांच, ऑपरेशन, गायनी वार्ड आदि किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, भवन की तीसरी मंजिल पर बारिश के समय छत टपकती रहती है। इससे भी भवन की नींव कमजोर हो रही है।

यहां बात दें कि करीब दो साल पहले नागरिक अस्पताल के गायिनी वार्ड की छत का प्लास्टर भी गिर गया था। अस्पताल के इस पुराने भवन की दीवारों और छज्जे पर पौधे उग आए हैं, जो अब बड़े होते जा रहे हैं। इससे भवन को नुकसान पहुंच रहा है। इतना ही नहीं छज्जों का प्लास्टर भी गिरता रहता है। जहां से भी प्रतिदिन मरीजों की आवाजाही रहती है। इस समय बारिश के सीजन में ज्यादा खतरा बना हुआ है।

### यह बोली मेडिकल सुप्रीडेंट

नागरिक अस्पताल की मेडिकल सुप्रीडेंट डा. आशा शर्मा ने बताया कि पुराना भवन होने के कारण जन औषधि केंद्र की छत का प्लास्टर गिर गया था। किसी को कोई चोट नहीं लगी है। अभी पुराने भवन की मरम्मत को लेकर एस्टीमेट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा गया है। इसकी स्वीकृति मिलने के बाद मरम्मत करवाई जाएगी।





नारनौल। वह छत जिसका प्लास्टर गिरने से पंखा हुआ क्षतिग्रस्त व जन औषधी केंद्र के फर्श पर बिखरा पड़ा मलबा।

## खबर संक्षेप

### आज बंद रहेगी बेगपुर और गोकलपुर फीडर की लाइन

**मंडी अटेली।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की छह जुलाई को सुबह आठ से सायं छह बजे तक बेगपुर फीडर व गोकलपुर फीडर की लाइन बंद रहेगी। जानकारी देते हुए जेई महेश कुमार ने बताया कि बेगपुर फीडर व गोकलपुर फीडर का केबल बदलने का कार्य किया जाएगा, जिसको लेकर लाइट दिनभर बंद रहेगी। वहीं पुराना बस स्टैंड से धनुंदा चौक तक सिटी लाइट भी बंद रहेगी।

### बिजली बोर्ड में भंडारा आठ को

**महेंद्रगढ़।** शहर के कुराहवटा रोड स्थित दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय में निगम के कर्मचारियों की ओर से आठ जुलाई को हनुमान जी के भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं सात जुलाई सोमवार को रात्रि जागरण एवं भजन संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा तथा आठ जुलाई मंगलवार सुबह आठ बजे हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने का आहवान किया है।

### पांच मिनट में ही बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

# तीन बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर फायरिंग कर 3.38 लाख लूटे, सीसीटीवी में कैद वारदात

- बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर आए थे बदमाश
- पेट्रोल पंप में तैनात दो कर्मचारियों पर तानी पिस्तौल, आफिस की अलमारी में रखे 3.38 लाख रुपये लेकर फरार हुए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव दुलोठ अहीर स्थित एक पेट्रोल पंप से तीन बदमाश शुक्रवार को फायरिंग कर 3.38 रुपये लूट ले गए है। बदमाशों ने 5 मिनट में ही पूरी घटना को अंजाम दिया। लूट की घटना पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस पेट्रोल पंप मालिक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पेट्रोल पंप संचालक अशोक कुमार ने बताया कि तीन बदमाश शुक्रवार की शाम हाथों में पिस्तौल लहराते हुए पंप परिसर में आए। आते ही बदमाशों ने दो फायर कर कर्मचारियों को डराकर उनकी जेब में रखे रुपये छीन लिए। इसके बाद दो बदमाश कार्यालय में घुस गए तथा कर्मचारियों के सिर पर पिस्तौल तानकर अलमारी की चाबी छीन ली। अलमारी में रखा करीब 3.38 लाख का कैश लूटकर राजस्थान की ओर भाग गए।

पेट्रोल पंप संचालक ने बताया कि बदमाश एक सफेद रंग की बिना नंबरों वाली स्विफ्ट डिजायर कार में सवार होकर आए थे। एक बदमाश पेट्रोल पंप के बाहर कार में ही बैठा रहा, जबकि तीन बदमाश अपने हाथों में पिस्टल लहराते हुए पेट्रोल पंप पर पहुंचे। आते ही बदमाशों दो फायर किए। घटना के बाद कर्मचारियों ने तुरंत वारदात की जानकारी पेट्रोल पंप संचालक अशोक कुमार को दी। जिसके बाद अशोक ने पेट्रोल पंप पर पहुंचकर डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पेट्रोल पंप पर लूट की सूचना मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की सहायता से मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। हालांकि इस मामले में अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं।





महेंद्रगढ़। कर्मचारियों पर पिस्तौल तानते बदमाश व पुलिस स्टेशन में शिकायत देने पहुंचे पेट्रोल पंप संचालक एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

## दुकान में लूट के उद्देश्य से चलाई छह राउंड गोलियां, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल-सिंघाना नेशनल हाईवे नंबर 11 पर गांव गोद बलाहा के पास तीन अज्ञात युवकों ने एक दुकान के बाहर छह राउंड गोली चला दी। आरोप है कि उक्त युवक दुकान लूटने आए थे, लेकिन वह गोली चलाने के बाद युवक स्विफ्ट गाड़ी में सवार होकर वहां से फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू की। इस घटना के बाद गोद बलाहा बस स्टैंड के दुकानदारों ने अपनी मार्केट को बंद रखकर इसका विरोध जताया।

जानकारी मुताबिक नेशनल हाईवे पर गांव गोद बलाहां बस स्टैंड से थोड़ा आगे सेनेटरी की दुकान है। बलाहां कलां के दुकान मालिक ऋषभ ने बताया कि शुक्रवार देर शाम को तीन युवक स्विफ्ट गाड़ी में सवार होकर नारनौल की ओर से आए थे। आते ही उन्होंने दुकान का गल्ला चेक किया। गल्ला चेक करने पर उनको पैसे नहीं मिले। इस पर उन्होंने दुकान में तोड़फोड़ की, जिसके बाद उसको धमकाते हुए वहां पर हवा में छह राउंड गोलियां चलाई। गोली चलाने के बाद तीनों युवक उसी कार में बैठकर वहां से सिंघाना की ओर भाग गए। उसने तुरंत डायल 112 पर फोन करके इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलने के बाद मौके पर डीएसपी सदर थाना सुरेश कुमार, सदर थाना प्रभारी धर्मवीर, सीआईए नारनौल, एफएसएल टीम व साइबर पुलिस सहित काफी संख्या में पुलिस बल वहां पहुंचा तथा जांच शुरू की।

### दुकानदारों व ग्रामीणों में रोष

इस घटना के बाद शुक्रवार सुबह ग्रामीण दुकान के बाहर एकत्र हो गए। उन्होंने इस घटना के विरोध में रोष जताया और गांव गोद बलाहा बस स्टैंड का बाजार बंद कर दिया। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाएं अब बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से आरोपितों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की। मौके पर गहली पुलिस चौकी से मौके पर पहुंची तथा लोगों को आश्वासन दिया कि आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## अवैध हथियार के साथ एक काबू, देसी पिस्टल और दो जिन्दा कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सीआईए पुलिस टीम ने थाना नांगल चौधरी क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित संजय वासी कालबा नांगल चौधरी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस बरामद किए। आरोपित के खिलाफ थाना नांगल चौधरी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपित के खिलाफ पहले भी लड़ाई-झगड़े, हत्या का प्रयास, लूट और आर्म्स एक्ट के तहत नौ मामले दर्ज हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

सीआईए टीम गस्त के दौरान नजदीक टोल सिरोही बहाली पर मौजूद थे, टीम को गुप्त सूचना मिली कि संजय वासी गांव कालबा अपने पास एक अवैध देशी पिस्टल लिए हुए नया बस अड्डा के पास बहरोड पुल नांगल चौधरी के पास खड़ा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। अगर तुरंत रेड की जाए तो अवैध असला सहित काबू किया जा सकता है। सूचना के आधार पर बतलाए हुए स्थान पर रेड की, जहां पर एक नौजवान लड़का हाईवे बहरोड पुलिया के नीचे खड़ा दिखाई दिया, जो टीम को देखकर तेज कदमों से चलने लगा। जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम संजय उपरोक्त बताया। जिसकी तलाशी लेने पर एक देसी पिस्टल और 2 जिन्दा कारतूस मिले। पुलिस ने अवैध हथियार को जब्त कर लिया और आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

## नशे में धुत टैंपों चालक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त की बाइक और स्कूटी

**नारनौल।** नशे में धुत एक टैंपो ड्राइवर ने सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे लगभग 20 बाइक व स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने टैंपो ड्राइवर को काबू कर लिया। सिंघाना रोड पर राजा गार्डन के समीप बीते शुक्रवार रात को एक टैंपो ड्राइवर ने दुकानों के बाहर खड़ी हुई बाइक व स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे आसपास के दुकानदारों सुरेश सैनी, रमेश कुमार व बिल्लू प्रधान ने बताया कि वहां पर राजा गार्डन के नाम से एक मैरिज पैलेस बना हुआ है, जिसके पास व्हीकल मिस्त्रियों की दुकानें हैं। अक्सर इन दुकानों तथा मैरिज पैलेस के बाहर अनेक स्कूटी व बाइक खड़ी रहती हैं। शुक्रवार रात को करीब साढ़े आठ बजे सिंघाना की ओर से एक टैंपो बड़ी तेज गति से आया। तब चालक ने अपने टैंपो से नियंत्रण खो दिया और देखते ही देखते उसने वहां खड़ी मोटरसाइकिल व स्कूटी को टक्कर मार दी। इससे ये क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के बाद वहां पर काफी लोग इक्टठा हो गए, जिन्होंने टैंपो चालक को पकड़ लिया और डायल 112 पर फोन करके पुलिस को बुला लिया। लोगों ने टैंपो ड्राइवर को पुलिस कर्मियों के हवाले कर दिया। फिर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

## सरकारी भूमि होगी अवैध कब्जों से मुक्त, राजस्व विभाग द्वारा अतिचारी पर कोर्ट के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों की जमीन पर अवैध कब्जे एवं अनाधिकृत उपयोग से मुक्त करवाने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाने की मंशा बनाई है। इस संदर्भ में शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक (निर्माण) ने राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, मौलिक शिक्षा अधिकारियों, सभी डीपीसी और हरियाणा बोर्ड के सचिव को पत्र भेजकर राजकीय विद्यालयों की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए है। इसके लिए सभी कानूनी विकल्प अपनाने के भी आदेश जारी किए जा चुके हैं।

राजस्व एवम आपदा प्रबंधन विभाग ने न केवल शिक्षा विभाग अपितु राज्य के सभी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजकर सरकारी भूमि कब्जा मुक्त करने और उसका रिकार्ड दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में सहायक निदेशक (निर्माण) ने राज्य के समस्त विद्यालयों अथवा कार्यालयों में उपयोग की गई भूमि, सरप्लस भूमि, गैरकानूनी कब्जे और कब्जा हटाने के लिए कोर्ट केस की जानकारी वेब पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए है। इस बारे में शिक्षा विभाग ने चार जुलाई को जारी किए अपने आदेश क्रमांक 9/82-2024 (निर्माण) में लिखा है कि हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए सभी विद्यालय और कार्यालय उपयोग की गई भूमि एवं अवैध कब्ज की जानकारी तुरंत प्रभाव से वेब पोर्टल पर अपलोड करें। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिए गए हैं कि अगर स्कूल की भूमि पर गैरकानूनी कब्जा है तो उसे हटाने के लिए की गई कानूनी कार्रवाई की जानकारी भी राजस्व विभाग को तुरंत उपलब्ध करवाई जाए।

अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई अथवा कोर्ट केस अभी तक नहीं किया गया है तो पीपी एक्ट 1972 या अन्य न्यायोचित धाराओं के तहत केस दायर कर कब्जा हटाने की कार्रवाई को अमल में लाया जाए और इसकी सूचना राजस्व विभाग एवम शिक्षा विभाग के मुख्यालय को तुरंत भेजी जाए।

### सरकार चुस्त-विभाग सुस्त

राजस्व एवम आपदा प्रबंधन विभाग का मानना है कि सरकारी भूमि पूर्णता अवैध कब्जों से मुक्त होनी चाहिए। इसके लिए विभाग लंबे समय से प्रयासरत है एवं हरियाणा सरकार के सभी कार्यालय विभागों को इस संदर्भ में बार-बार लिखा जा रहा है। इससे पूर्व भी राजस्व एवम आपदा प्रबंधन विभाग ने 13 अक्तूबर 2023, 31 मार्च 2025, 21 अप्रैल 2025, 24 जून 2025 को राज्य के विभिन्न विभागों को पत्र भेजकर सरकारी कार्यालयों में उपयोग की जा रही भूमि, सरप्लस भूमि, अवैध एवम गैर कानूनी कब्जे वाली भूमि तथा कब्जा हटाने के लिए की गई कार्यवाही को वेब पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए जा चुके हैं किन्तु सरकारी विभाग गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। अब चार जुलाई को पुनः राजस्व विभाग ने इसके लिए पत्र जारी करते हुए इस पर उचित कार्रवाई की अपील की है।

### हरियाणा की नारी शक्ति का उदाहरण बना प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह

# अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हरियाणा का नाम रोशन कर रही बवानिया की खिचड़ी

- विश्व मंच तक पहुंची बनारसी देवी के नेतृत्व की असाधारण गाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

हरियाणा के कनीना खंड के गांव बवानिया से निकली प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह की कहानी आज पूरे प्रदेश और देश की महिलाओं के लिए एक अमर प्रेरणा बन चुकी है। यह कहानी है बनारसी देवी और उनके समूह की उन मेहनती महिलाओं की जिन्होंने अपने सामूहिक प्रयास, अटूट विश्वास और हरियाणा सरकार की दूरदर्शी नीतियों के सहयोग से आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिखी है। आज यह समूह न केवल 300 से अधिक महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार दे रहा है बल्कि उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की ख्याति देश की सीमाओं को लांघकर अमेरिका और जापान जैसे दूर देशों तक पहुंच चुकी है।

इस स्वयं सहायता समूह की यात्रा वर्ष 2001 में शुरू हुई जब बनारसी देवी ने अपने गांव की महिलाओं को संगठित कर आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा। इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह की नींव रखी। 2005 से इस समूह की विकास यात्रा ने गति पकड़ी। वर्ष 2017 में समूह को औपचारिक रूप देते हुए उन्होंने पहला कदम उठाया। उन्होंने गांव की महिलाओं को अचार बनाने का कौशल सिखाया। इस शुरुआती सफलता से उत्साहित होकर समूह की महिलाओं को करनाल स्थित बागवानी प्रशिक्षण संस्थान में उन्नत प्रशिक्षण के लिए भेजा जहां उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता और पैकेजिंग के गुर सीखे।



कनीना। बाजरे, ज्वार, रागी से स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद तैयार करती स्वयं सहायता समूह की महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### अब किसान उत्पादक संगठन बनाने की योजना

हरियाणा के कृषि विज्ञान केंद्र से मिले मार्गदर्शन ने प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह के छोटे से प्रयास को एक बड़े आंदोलन का रूप दे दिया है। भविष्य की ओर देखते हुए समूह एक किसान उत्पादक संगठन बनाने की योजना पर भी कार्य कर रहा है। यह पहल न केवल बवानिया बल्कि पूरे महेंद्रगढ़ जिले की ग्रामीण महिलाओं को लाभान्वित करेगी और उन्हें स्थायी रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। यह कदम हरियाणा सरकार की कृषि और ग्रामीण विकास नीतियों के अनुरूप है जो किसानों और विशेषकर महिला किसानों को संगठित कर उन्हें बाजार से सीधे जोड़ने पर केंद्रित है। इस समूह में प्रधान भागवंती, सचिव कृष्णा देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी, चलती, माया, सविता, मंजु, राजबाला, सुमन, सुषमा, रेनू यादव, गायत्री, सविता, रेनू देवी, संतोष, ललिता देवी जैसी कई सशक्त महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

### सहयोग समूह के लिए एक गेम चेंजर साबित

हरियाणा सरकार के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का सहयोग समूह के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ। इसी योजना के तहत 2021 में समूह को दाल प्रसंस्करण के लिए एक मिनी दाल मिल उपलब्ध करवाई गई जिसने उनके उत्पादन क्षमता में क्रांति ला दी। धीरे-धीरे समूह ने अपनी गतिविधियों का विस्तार किया और महिला किसान संगठन से जुड़कर मोटे अनाज (मिलेट्स) और ऑर्गेनिक उत्पादों के उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया। बनारसी देवी के कुशल नेतृत्व में समूह की महिलाओं ने बाजरे, ज्वार, रागी से बने स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद जैसे बाजरा खिचड़ी, बेसन, हल्दी व मसाले, तेल और गुड़ तैयार करना सीखा। आज इस समूह की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का ही नतीजा है कि उनके उत्पादों की मांग न केवल हरियाणा बल्कि दिल्ली, चंडीगढ़, गुजरात, गोवा, जापान, अमेरिका और सिंगापुर जैसे देशों तक पहुंच चुकी है। समूह द्वारा तैयार की गई बाजरा खिचड़ी अपनी पौष्टिकता और स्वाद के कारण इतनी लोकप्रिय हुई है कि यह अब अमेरिका तक पहुंच चुकी है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हरियाणा का नाम रोशन कर रही है। प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह ने केवल अपने सदस्यों को ही सशक्त नहीं किया बल्कि बनारसी देवी के नेतृत्व में उन्होंने अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। समूह ने हरियाणा और राजस्थान में समय-समय पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर 100 से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने का मार्गदर्शन दिया है। इन शिविरों में महिलाओं को मोटे अनाज से विभिन्न खाद्य उत्पाद तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिससे वे भी आत्मनिर्भर बन सकें। बनारसी देवी का योगदान केवल आर्थिक सशक्तिकरण तक ही सीमित नहीं है। उनकी समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनके अभूतपूर्व योगदान को हरियाणा सरकार ने भी खुले दिल से सराहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें सम्मानित किया।

# नौ की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर एकजुट हुए कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सर्व कर्मचारी संघ, एआईयूटीयूसी व सीटू संगठनों की ओर से सर्व कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष कोशल कुमार, एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह व सीटू के जिला सचिव रोहतास गोठवाल की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में शनिवार को एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सर्व कर्मचारी संघ राज्य सचिव महेंद्र बोयत, एआईयूटीयूसी जिला सचिव छाजूराम रावत, जिला सचिव सर्व कर्मचारी संघ राहुल सारवान, जिला अध्यक्ष सीटू हरीराम, एआईयूटीयूसी उपप्रधान शेर सिंह, भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी जिला प्रधान सीताराम एवं मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी ब्लाक प्रधान माया देवी उपस्थित रहे।



नारनौल। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बैठक करते यूनियनों के पदाधिकारी।

उक्त बैठक मीटिंग में निर्णय लिया गया कि इन संगठनों से जुड़ी यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य पुराना लघु सचिवालय नारनौल के सामने सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में एकत्रित होंगे तथा वहां से जुलूस के रूप में महावीर चौक होते हुए रोडवेज डिपो के सामने पहुंचकर रोडवेज कर्मचारियों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार की श्रमिक-कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यक्ष मण्डल ने श्रमिक-कर्मचारियों से 9 जुलाई को प्रातः 10 बजे पुराना लघु सचिवालय नारनौल के समक्ष पार्क में पंहुचने की अपील की।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा-नीत केंद्र सरकार की मजदूर-कर्मचारी विरोधी व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ देश की 10 बड़ी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के सांझे आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को एक दिन की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि सरकार की तमाम मजदूर-कर्मचारी विरोधी, जनविरोधी नीतियों को वापस लेने, मजदूरों के लिए न्यूनतम वेतन 26000 रुपये मासिक करने, चार लेबर कोड को निरस्त करने, एनपीएस-यूपीएस को वापस लेने और सभी के लिए बिना शर्त पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने, सभी को रोजगार देने, स्थायी भर्ती के जरिये खाली पदों को भरने, सार्वजनिक क्षेत्र और सरकारी संस्थानों/ उपक्रमों/ विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने, पिछले दरवाजे से निजीकरण के नये प्रारूप 'राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन' को खत्म करने, श्रमिकों को जब चाहे 'नौकरी पर रखने और हटाने' की निश्चित अवधि के रोजगार की नीति वापस लेने, 8 घंटे कार्य दिवस से छेड़छाड़ बंद करने, स्थायी प्रकृति के कामों में ठेका प्रथा व अस्थायी कर्मचारी भर्ती करना बंद करने, डेली वेज व कैजुअल कर्मचारियों को पक्का करने, आंगनबाड़ी, मिड डे मील, आशा सहित तमाम स्कीम वर्करों को सरकारी कर्मचारी के रूप में नियमित करने और तब तक उन्हें श्रमिक मानकर सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन देने, असंगठित क्षेत्र के सभी मजदूरों को कल्याणकारी हितलाभ और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण व हितलाभ की प्रक्रिया सरल व भ्रष्टाचारमुक्त करने, मनरेगा मजदूरों को 800 रुपये दैनिक दिहाड़ी पर साल में कम से कम 200 दिन काम देने, बिजली (संशोधन) विधेयक-2023 को निरस्त करने व स्मार्ट मीटर लगाने बंद करने, ट्रेड यूनियन अधिकारों को सुनिश्चित करने, उद्योगों में मौजूदा श्रम कानून की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने आदि जीवन के ज्वलंत मुद्दों पर आगामी 9 जुलाई को एक दिन की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल करने का आह्वान किया है।

# हरियाणा पब्लिक स्कूल में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चैधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में शनिवार को आषाढ शुक्ल दशमी के अवसर पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा की रथ यात्रा का आयोजन किया गया। उड़ीसा के पुरी में वर्षो से निकाली जा रही रथयात्रा का नारनौल शहर में धूमधाम से आयोजन किया गया।



नारनौल। रथयात्रा में शामिल होते हुए। फोटो : हरिभूमि

सर्वप्रथम पंडित धनपत शास्त्री ने पूर्ण विधि विधान पूर्वक विद्यालय की एमडी निधि वर्मा, डायरेक्टर पुष्करमल वर्मा, डीन मनोज भारद्वाज, प्राचार्य सुनील यादव, समस्त अध्यापकगण व विद्यार्थियों इत्यादि से पूजा अर्चना करवाते हुए भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा की स्थापना करवाई।

एमडी निधि वर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि ऐसा माना जाता है कि भगवान विष्णु के अवतार भगवान कृष्ण की भूलोक यात्रा संपूर्ण होने पर देह त्यागते वक्त उनका हरदय भगवान जगन्नाथ जी की मूर्ति में ही स्थापित हो गया था और आज ही के दिन बहन सुभद्रा के कहने पर भगवान जगन्नाथ व बडे भाई बलभद्र अपनी बहन सुभद्रा को लेकर अपनी मौसी के घर गुंडीचा पहुंचे थे। विद्यालय के डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति व संस्कार का ज्ञान होना भी अत्यंत आवश्यक है।

अंत में भगवान की आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एमडी डॉ हितेश वर्मा, निधि वर्मा, डायरेक्टर पुष्करमल वर्मा, डीन मनोज भारद्वाज, प्राचार्य सुनील यादव व समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## बागेश्वर धाम सरकार से आएंगे आचार्य रोहित रिछारिया

**नारनौल।** शहर की प्रसिद्ध धार्मिक संस्था श्री राजेश्वरम परिवार द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पंच-दिवसीय भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन छह जुलाई से 10 जुलाई तक अग्रवाल सभा प्रांगण में दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक होगा। संस्था सदस्य सुरेंद्र गोयल डेरोलिया ने बताया कि यह आयोजन राजेश्वरानंद सरस्वती एवं हनुमान महाराज के परम भक्त आचार्य धीरेंद्र शास्त्री महाराज पीठाधीश्वर बागेश्वर धाम सरकार की प्रेरणा से किया जा रहा है। महोत्सव में बागेश्वर धाम सरकार के कृपा पात्र भक्तमाल आचार्य रोहित रिछारिया श्रीराम कथा और भक्तमाल पर अपनी ओजस्वी वाणी से अमृत वर्षा करेंगे। विशेष रूप से राजू दास महाराज, महंत हनुमानगढ़ी अयोध्या धाम, साध्वी भक्ती प्रभा, गुरु प्रसाद, महंत मदन मोहन दास महाराज, धीर समीर आश्रम वृंदावन और भजन प्रवाहक गोलोकवासी विनोद अग्रवाल के सुपुत्र जतिन अग्रवाल मुंबई से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। इसके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय संत भी इस आयोजन में पहुंचेंगे। विशेष रूप से श्रीश्याम मंदिर जोरासी धाम से शशिकांत गुरुजी भी पधारेंगे। इस कार्यक्रम में विनित पिलानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।


## सूचना

मैं, सतीश कुमार पुत्र श्री राम अवतार वासी गांव दोंगड़ा जाट, तहसील कनीना, जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा का स्थाई निवासी हूँ तथा बयान करता हूं कि मेरी पत्नी पिंकी व पुत्र प्रवेश तथा दीपांशु मेरे कहे-सुने से बाहर हैं तथा मनमर्जी करते हैं। मैं उन्हें अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में कोई भी व्यक्ति इनसे किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो वह स्वयं इसका जिम्मेदार होगा। मेरा पिंकी, प्रवेश व दीपांशु से कोई ताल्लुक नहीं है ।

## सार्वजनिक सूचना

मै नेतराम पुत्र भानीसहाय वासी गांव नूनी अव्वल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हरित कुमार व उसकी पत्नी अनिता देवी मेरे साथ लडाई–झगडा करते रहते हैं व मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सैनी क्षत्रीय सभा (रजि) महेंद्रगढ़ 123029

### आम सूचना

**सैनी क्षत्रीय सभा रजिस्टर्ड महेंद्रगढ़ के सभी साधारण व आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है कि सैनी क्षत्रीय सभा महेंद्रगढ़ के आम चुनाव कार्यक्रम निम्न तिथियों के अनुसार करवाए जा रहे हैं जो भी सदस्य चुनाव में हिस्सा लेना चाहता है वह निर्धारित तिथियों के अनुसार चुनाव में भाग ले सकते हैं 01. फॉर्म भरने की तिथि 15.07.2025 से 17.07.2025, 02.आवेदन पत्रों की जांच 18.07.2025 से 19.07.2025, 03.आवेदन वापस लेने की तिथि 20.07.2025, 04. चुनाव चिन्ह जारी करने की तिथि 22.07.2025, 05. चुनाव प्रचार का समय 22.07.2025 से 01.08.2025, 06.कॉलेजियम सदस्यों के चुनाव :हेतु मतदान 03.08.2025, 07.चुनाव परिणाम 03.08.2025 देर शाम, 08.प्रधान सचिव आदि पदाधिकारियो के लिए मतदान 5.8.2025**

**निवेदक: नितिन यादव एडवोकेट मुख्य चुनाव अधिकारी सैनी सभा महेंद्रगढ़**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड निजामपुर हेतु मनरेगा के तहत सोशल आडिट (कलैन्डर अनुसार) करवाने हेतु ब्लाक रिसोर्स पर्सन (BRP) की नियुक्ति (सोशल आडिट युनिट के नियमानुसार) प्रति कार्य दिसव या कलैन्डर राशि 750/- रूपए के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्य दिवसों की संख्या का निर्धारण जारी किए जाने वाले सोशल आडिट कलैन्डर अनुसार होगा। अभ्यर्थी स्नातक, कम्प्युटर /MIS का ज्ञान तथा अन्ड्रोयड मोबाईल प्रयोग करने में सक्षम हो। पहले से कार्यरत VRP (Village Resource Persone) को परियता दी जाएगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त करा जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन खण्ड कार्यालय में (मनरेगा शाखा) समस्त दस्तावेजों की प्रति सहित दिनांक 07.07.2025 से 11.07.2025 को सांय 03.00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें।

**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, निजामपुर**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड नांगल चौधरी हेतु मनरेगा के तहत सोशल आडिट (कलैन्डर अनुसार) करवाने हेतु ब्लाक रिसोर्स पर्सन (BRP) की नियुक्ति (सोशल आडिट युनिट के नियमानुसार) प्रति कार्य दिसव या कलैन्डर राशि 750/- रूपए के मानदेय के आधार पर की जानी है। प्रति वर्ष कार्य दिवसों की संख्या का निर्धारण जारी किए जाने वाले सोशल आडिट कलैन्डर अनुसार होगा। अभ्यर्थी स्नातक, कम्प्युटर /MIS का ज्ञान तथा अन्ड्रोयड मोबाईल प्रयोग करने में सक्षम हो। पहले से कार्यरत VRP (Village Resource Persone) को परियता दी जाएगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त करा जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन खण्ड कार्यालय में (मनरेगा शाखा) समस्त दस्तावेजों की प्रति सहित दिनांक 07.07.2025 से 11.07.2025 को सांय 03.00 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें।

**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, नांगल चौधरी**




नारनौल। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## सिंघानिया विश्वविद्यालय में टैली आन जीएसटी पर एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**नारनौल।** सिंघानिया विश्वविद्यालय बड़ी पचेरी बड़ी में टैली आन जीएसटी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सरस्वती अकाउंटेंट्स सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के विद्यालयों के छात्र तथा स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रिटायर्ड आईएएस मनोज कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण युवाओं को रोजगार उन्मुख और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने छात्रों को ऐसे अवसरों का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन विशेषज्ञ प्रशिक्षक दिनेश खत्री एवं योगेश सोलंकी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को जीएसटी के अंतर्गत टैली सॉफ्टवेयर के प्रयोग की व्यावहारिक जानकारी दी तथा लाइव डेमो के माध्यम से महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया। सरस्वती अकाउंटेंट्स सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड़ के प्रमुख मनीष गुप्ता ने भी छात्रों को और अकाउंटिंग के क्षेत्र में तकनीकी दक्षता के महत्व को विस्तार से बताया। अंत में कैंपस डायरेक्टर प्रो. पीएस जस्सल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सभी प्रशिक्षकों, उपस्थित गणमान्य अतिथियों, विद्यार्थियों और आयोजन से जुड़े सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिससे उनमें नई ऊर्जा और सीखने का उत्साह देखने को मिला। यह आयोजन छात्रों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करने की दिशा में सिंघानिया विश्वविद्यालय की एक उल्लेखनीय पहल रही।

## *अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री की मौसी का निधन*



**महेंद्रगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व नेशनल मॉडल स्कूल महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री, पुरुषोत्तम, हीरालाल व पंकज कुमार की मौसी कृष्णा देवी धर्मपत्नी किशोरी लाल शर्मा का 65 वर्ष की आयु में निधन हुआ। एडवोकेट महेश दीक्षित व उमेश कुमार की मां कृष्णा देवी धार्मिक विचारों की महिला थी वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं आज उनका अंतिम संस्कार ग्राम जाटवास में हुआ। उनके अंतिम संस्कार में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। उनके अंतिम संस्कार में आए लोगों ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी व दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। कृष्णा देवी सहनशील व मृदु भाषी महिला थी। उनके निधन से परिवार को जो अपूर्णीय क्षति हुई है उसकी भरपाई कर पाना कठिन है।







## खबर संक्षेप



### युवाओं को शहीद के शौर्य से प्रेरणा लेनी चाहिए

**महेंद्रगढ़।** गांव खैरोली में अमर शहीद शौर्य चक्र विजेता कृष्ण कुमार की 13 वी पुण्य तिथि पर विधायक कंवर सिंह यादव ने प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करके नमन किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने शहीद को नमन करते हुए कहा कि सेना का हर जवान देश की रक्षा के लिए तत्पर है। शहीद कृष्ण कुमार ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत को देश हमेशा याद करेगा। युवाओं को शहीद के शौर्य से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### कॉलेज के साथ विवि मेरिट लिस्ट में भी स्थान

**नारनौल।** महाविद्यालय स्तर के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर भी टॉप–10 में यदुवंशी डिग्री कॉलेज के बीकॉम आनर्स द्वितीय वर्ष के चौथे सेमेस्टर में सुधा पुत्री राजेन्द्र ने प्रथम स्थान, अंशु पुत्री वीरेन्द्र ने आठवां स्थान, नैन्सी पुत्री सुनील कुमार ने नौवां स्थान प्राप्त किया। श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने बताया अब तो यकीन करना होगा क्योंकि हमने अपनी मेहनत से सभी को विश्वस्त करने का कार्य किया है। यदुवंशी जैसे परीक्षा परिणाम कहीं और से प्राप्त नहीं हो सकते, इसलिए हमें आज बहुत खुशी हो रही है।

### कनीना में चलाई जा रही सफाई व्यवस्था: लोढा

**कनीना।** स्वच्छता बनाए रखने को लेकर नगरपालिका प्रशासन कनीना की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। नपा चेयरपर्सन डॉ रिंपी लोढा व नपा सचिव कपिल कुमार ने बताया कि मॉनसून के समय तरह-तरह के विषाणु एवं जीवाणु पनप जाते हैं। जिनके काटने से बिमारी की अत्यधिक संभावना रहती है। बिमारी से बचने के लिए नगर में सफाई जरूरी है। सफाई बनाए रखने के लिए नपा कर्मचारी प्रतिदिन विभिन्न सडक मार्गों तथा वार्डों में सफाई कर रहे हैं। मानसून को देखते हुए शिक्षण संस्थानों के समीप व स्लम एरिया में सफाई का विशेष फोकस किया गया है।



### कनीना में 12 को राष्ट्रीय लोक अदालत

**कनीना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन नरेंद्र सूरा के दिशानिर्देशन में आगामी 12 जुलाई, शनिवार को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। बार एसोसिएशन कनीना के प्रधान मंजीत यादव ने हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वादी एवं प्रतिवादी दोनों पक्षों की सहमति से परिवादों का निपटान किया जायगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मुख्यतः वैवाहिक पारिवारिक विवाद, अपराधिक मामले जो की मिश्रित हों, भूमि अधिग्रहण, बैंक रिकवरी, पेंशन कॉन्ट्रैक्टस संबंधी केसों की सुनवाई कर निपटान किया जाएगा।

---

जिला प्रशासन की अनेदखी व सरपंच की मनमानी के खिलाफ रोष

# तीसरे दिन भी भूख हड़ताल पर पंच, प्रशासन ने नहीं ली कोई सुध

पंच ने कहा, वह डेढ़ साल से समाधान शिविर में शिकायत दे रहे हैं, लेकिन अधिकारी केवल एक दूसरे के पास भेजकर मामले में टाल मेटोल कर रहे है



**महेंद्रगढ़।** भूख हड़ताल पर बैठे पंच सुरेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव माजरा खुर्द के पंच सुरेंद्र सिंह जिला प्रशासन की अनेदखी व सरपंच की मनमानी के खिलाफ तीसरें दिन भी भूख हड़ताल पर रहे। जिला प्रशासन के किसी अधिकारी ने उनकी सुध नहीं ली। पंच सुरेंद्र सिंह ने जिला प्रशासन की ओर आयोजित किए जाने वाले समाधान को केवल दिखावा बताया है। उनका कहना है कि वह डेढ़ साल में समाधान शिविर में शिकायत दे रहे हैं, लेकिन अधिकारियों केवल एक दूसरें के पास भेजकर टाल मेटोल कर रहे है। उन्होंने बताया कि पांच जून को आरटीआई के माध्यम से सूचना मांगी थी। उन्होंने पूर्व सरपंच भीमसिंह से वर्तमान पंचायत द्वारा चार्ज लेते समय बैंक खाते की कॉपी, पंचायत खाते की एफडी, पंचायत के लेजर रजिस्टर के अनुसार की सत्यापित प्रति, जनवरी 2023 से जून 2023 तक पंचायत फंड से किए गए प्रस्ताव की कॉपी, बिल व कूटेशन की सत्यापित कॉपी, गांव में ब्लॉक समिति व जिला परिषद से किए गए विकास कार्यो की कॉपी, ब्लॉक समिति व जिला परिषद फंड का पैसे खर्च करने वाले अधिकारी का पद और नाम, विधायक फंड से ग्राम पंचायत में हुए खर्च का ब्यौरा, विधायक फंड के लिए दिए प्रस्ताव की प्रति, विधायक फंड खर्च के लिए प्रस्ताव, बिलों व मद की सत्यापित कॉपी तथा ग्राम पंचायत द्वारा शराब ठेका निषेध का प्रस्ताव की कॉपी मांगी गई थी। लेकिन ग्राम पंचायत की ओर से दो साल बीत जाने के बाद उन्हें सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। इसको लेकर बीडीपीओ ने 5 मार्च 2024 को पत्र भी जारी किया था। आरटीआई के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जानकारी नहीं देने पर उन्होंने चंडीगढ के अधिकारियों से जानकारी मांगी है।

**इन्होंने समर्थन दिया**

ग्राम पंचायत पर आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत की ओर से केवल 9 पेड़ों की कटाई अनुमति ली गई थी। लेकिन पंचायत की ओर से 20 पेड़ काटे गए है। इसके अलावा पिछली पंचायत द्वारा गांव में लगाई सोलर लाईट के मामले में भारी गबन हुआ है। शनिवार को राघव, मुकेश माजरा खुर्द, सुमन माजरा खुर्द, अशोक कुमार माजरा खुर्द, जगदीश महायच, भूप सिंह ढाणी फोगाट, रमेश बवाना, बलजीत चितलांग, ब्रह्मानंद वाल्मीकि, राजाराम सुरजन वास, ईश्वर सुरजन वास, सुरेश, अशोक माजरा खुर्द, धर्मवीर सिंह माजरा खुर्द, वेदप्रकाश माजरा खुर्द, महेंद्र सिंह नंबरदार माजरा खुर्द, पवन कुमार माजरा खुर्द, शशिकांत माजरा खुर्द, संदीप, निशा मेघनवास, नरदेव माजरा खुर्द, आदि ग्रामीणों ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया।

---

## मॉडर्न स्कूल में हिन्दी सुलेख लेखन प्रतियोगिता आयोजित

- प्रतियोगिता में कक्षा एक से पंकूल ने प्रथम, लवन्या ने द्वितीय व विंद्रा ने तृतीय स्थान पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

स्थानीय मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में शनिवार को प्राइमरी विंग में हिन्दी सुलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राइमरी विंग के हैंड राकेश यादव ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका स्कूल प्राचार्य प्रदीप कुमार व भूपेंद्र सैनी ने निभाई। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से पंकूल ने प्रथम, लवन्या ने द्वितीय व विंद्रा ने तृतीय, कक्षा दूसरी से मैंशु ने प्रथम, सोनम ने द्वितीय व यशिका ने तृतीय, कक्षा तीसरी से अद्विती ने प्रथम, प्रिंस ने द्वितीय व वंशीका ने तृतीय कक्षा चौथी से मानवी ने प्रथम, यशिका ने द्वितीय व यमन ने तृतीय, कक्षा पांचवी से सारिका ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय व स्वर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर विजेता प्रतिभागियों को प्रशास्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है। हमें हिन्दी बोलने में किसी प्रकार का कोई संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता हमें जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता करता है।



**महेंद्रगढ़।** प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी।

जीवन में हमें कभी भी प्रतियोगिता से पीछे नहीं भागना चाहिए, बल्कि चुनौतियों से हमें सीखना चाहिए और जीतने की कोशिश करना चाहिए। प्रतियोगिताएं वर्षों से एकत्रित ज्ञान और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करती हैं।

इस तरह, प्रतियोगिताओं छात्रों के लिए आत्म-मूल्यांकन का एक बड़ा स्त्रोत साबित हो सकती हैं और उनके अनुभव और कौशल को और आगे बढ़ाने में मदद कर सकती है। इस तरह के आयोजन आगे भी होते रहेंगे।


---

## शहीद देश के आइकन : अतरलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहीद देश के आइकन होते हैं। उनकी स्मृति में मूर्ति स्थापित करना, समारोह, मेले, खेल प्रतियोगिता, भंडारे तथा जागरण आयोजित करना सराहनीय कार्य हैं। शहीदों तथा उनके परिवारों का सम्मान करना समाज का कर्तव्य है।

उक्त विचार बहुजन समाज पार्टी के नेता समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने अटाली की ढ़ाणी में शहीद उपनिरीक्षक चन्द्रभान यादव की मूर्ति अनावरण के अवसर पर शहीद को माल्यार्पण करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ढ़ाणी अटाली निवासी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में उपनिरीक्षक के तौर पर तैनात चन्द्रभान यादव ने 47 वर्ष की आयु में जम्मू कश्मीर, श्रीनगर क्षेत्र में आतंकवादी दुश्मनों से लोहा लेते हुए 16 मार्च 1991 को शहादत दी थी। अब केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में सेवारत उनके सुपुत्रों कैलाशचंद, धर्मबीर तथा अशोक कुमार ने अपने वीर शहीद पिता की स्मृति में मूर्ति स्थापित कर गौरवशाली कार्य किया है।



**नारनौल।** शहीद की मूर्ति पर माल्यार्पण करते मौजीजान। फोटो : हरिभूमि

इस दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से पधारे उक्त कमांडेट मनोज उनके सहयोगी जवानों ने शहीद परिवार को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित जनों ने सरकार तथा जिला प्रशासन से गांव के मार्ग का नाम शहीद चंद्रभान के नाम पर रखने की मांग की।

शहीद परिवार द्वारा भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी अटेली की सचिव सुनिता, हरिसिंह, निहाल सिंह, मास्टर विरेन्द्र, कैलाशचंद, अशोक कुमार, यशपाल यादव, भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, संजय यादव, बलवंत सिंह, राकेश, सोनू सहित अनेक गणमान्यों ने शहीद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया।

---

## हैप्पी स्कूल के प्रणव छोक्कर ने रिसर्च करिकुलम में प्राप्त किए 98.3% अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र प्रणव छोकर पुत्र डॉ. पवन कुमार ने 16 जून को नासा एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नासा ओपन साइंस 101 रिसर्च करिकुलम प्रतियोगिता में 98.3 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न देश के बच्चों ने पांच असाइनमेंट प्रस्तुत किया जो 12-12 अंकों के निर्धारित हुए थे। साथ ही इस परीक्षा के बाद 2026 के लिए नासा में इंटर्नशिप के लिए प्रणव छोकर को स्वीकृति भी प्राप्त हुई है। प्रणव छोकर की सफलता का सिलसिला लगातार चलता रहा। छह जून को ही इंटेल टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित अंक फॉर एंटरप्रेन्योरशिप में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रमाण पत्र प्राप्त किया। दूसरी ओर यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड द्वारा आयोजित एथिकल लीडरशिप कोर्स के तहत 12 कोर्स को पार करते हुए सफलता अर्जित की तथा प्रमाण पत्र प्राप्त किया। यह कार्यक्रम 13 जून को आयोजित हुआ। टाटा फॉरेज द्वारा 11 जून को आयोजित कोर्स में हिस्सा लेते हुए प्रणव छोकर ने न केवल ए आई का सही प्रयोग बताया। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने कहा कि अब हमारे विद्यालय के विद्यार्थी न केवल राष्ट्रीय स्तर पर अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।




**महेंद्रगढ़।** छात्र प्रणव को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

## हैप्पी स्कूल के चित्राक्ष का शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के डुलाना रोड स्थित हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ के छात्र चित्राक्ष का दिल्ली में दो से चार जुलाई तक हरियाणा राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 10 वीं हरियाणा शूटिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के चयन हुआ है। छात्र चित्राक्ष ने 400 में से 365 स्कोर किया। चित्राक्ष के कोच कैप्टन रामकिशन यादव ने बताया कि चित्राक्ष अपनी पूरी मेहनत और लगन के साथ अपना शत प्रतिशत देने का प्रयास करता है और सफल भी होता है। इतना ही नहीं एकलव्य शूटिंग अकादमी द्वारा आयोजित खेलो महाकुंभ में भी चित्राक्ष ने शीर्ष 3 खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करवाया था। विंग प्रभारी ईश्वर सिंह और प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने प्रशंसा पूर्ण शब्दों में कहा कि निशानेबाजी विद्यार्थियों के लिए कई तरह से फायदेमंद हो सकती है। यह न केवल एक खेल है, बल्कि यह एकाग्रता, आत्म-अनुशासन, और आत्मविश्वास जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने में भी मदद करता है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल, संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उपसंचालिका ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



छात्र चित्राक्ष।

---

## जिले के 455 प्राथमिक विद्यालयों में अभिभावक–शिक्षक बैठकें आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शिक्षा विभाग की ओर से जिला के सभी 455 प्राथमिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बालवाटिका-III से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों को दिए गए रचनात्मक एवं व्यवहारिक गृहकार्य का मूल्यांकन किया गया। ज्ञात हो कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों को अनुभव आधारित गृहकार्य दिया गया था। जिससे न केवल उन्हें वास्तविक जीवन से जुड़ने का मौका मिला बल्कि उनकी रचनात्मकता, स्वायत्तता और जिज्ञासा को भी प्रोत्साहन मिला।

इस गतिविधि आधारित कार्य को विद्यार्थियों को अपने परिवार के बड़े सदस्यों के सहयोग से पूरा करना था ताकि अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी को विद्यार्थियों की शिक्षा में बढ़ावा दिया जा सके। इसी के मद्देनजर पांच जुलाई 2025 को सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस आयोजन की सफलता के लिए सभी क्लस्टर मुखिया, बीआरपी और एबीआरसी को अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान मॉनिटरिंग का दायित्व भी सौंपा गया। सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालय के मुखिया बैठक के आयोजन के बाद अपने क्लस्टर मुखिया को एक विस्तृत रिपोर्ट भेजेंगे और क्लस्टर मुखिया इस खंड कार्यालय को संयुक्त रूप से भेजेंगे। इस बैठक के दौरान विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया।



**नारनौल।** प्राथमिक स्कूल में आयोजित होती अभिभावक शिक्षक बैठक

---

## खेल महाकुंभ ट्रायल्स में विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी छाए

- विद्यालय की छात्रा भारती (बिहाली) और छात्र सचिन (सैदपुर) का चयन जिला स्तरीय कबड्डी टीम में किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गत तीन–चार जुलाई को सतनाली में हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित ओपन वर्ग खेल महाकुंभ के अंतर्गत संपन्न हुए जिला स्तरीय ट्रायल्स में विद्या देवी इंटरनेशनल स्कूल अटेली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले में विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा भारती (गांव बिहाली) और छात्र सचिन (गांव सैदपुर) का चयन जिला स्तरीय कबड्डी टीम में किया गया है।

वहीं गर्वित (गांव सलीमपुर) ने लंबी कूद प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया। 200 मीटर दौड़ में भी विद्यालय के छात्रों ने ओपन वर्ग में अपनी-अपनी हीट में अपना दबदबा बनाया। कपिल (गांव पृथ्वीपुरा) और अमित (गांव सैदपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय की पूर्व छात्रा रितिका (गांव बेगपुर) ने 20 किलोमीटर रेस वॉक (ट्रैक) में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय के गौरव में वृद्धि की। प्राचार्य ने सभी विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षक ललित डाबड़ को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धियां विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और विद्यालय के खेल प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परिणाम हैं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी।

---

## गौरव और चंचल ने दहेज रहित शादी कर समाज को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव गुजरवास निवासी अनिल कुमार पुत्र बजरंगलाल अग्रवाल ने अपने बेटे गौरव की शादी कोसली निवासी स्व. अनिल कुमार की पुत्री चंचल से बिना दहेज के संपन्न कर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया है। गौरव और चंचल दोनों ही स्नातक हैं और दहेज रहित शादी करने का फैसला लिया था। उनकी शादी चार जून शुक्रवार रात्रि को सम्पन्न हुई।

इस शादी की विशेषता यह रही कि शादी में मात्र एक रुपया और नारियल लेकर ही शादी की रस्में पूरी की गईं। हालांकि दोनों ही पक्षों द्वारा मेहमानों का अच्छा आदर सत्कार किया गया और शादी का जश्न मनाया गया, लेकिन शादी में दहेज के रूप में कोई वस्तु नहीं ली गई, जो कि एक सराहनीय कदम है। गौरव के पिता अनिल का कहना है कि बेटा गौरव सुशिक्षित एवं समझदार युवक है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमेशा तैयार रहता है। उसने अपनी शादी में दहेज न लेने का फैसला करके एक मिशाल पेश की है। उल्लेखनीय है कि सेठ बजरंगलाल प्रमुख समाज सेवी एवं न्याय प्रधान लाला भगवानदास के पुत्र तथा ब्लॉक समिति के पूर्व चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता के छोटे भाई हैं, जिनका सामाजिक रचनात्मक कार्यों में विशेष योगदान रहा है।



गौरव और चंचल।

---

स्व राव श्योचंद राम जी कि तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# 36 यूनिट किया रक्तदान, नेत्र चिकित्सा कैंप में 256 ने करवाई जांच, 26 को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

- सभा की अध्यक्षता हरफूल सिंह यादव आईएएस ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राव श्योचंद राम मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट निहालोठ की ओर से शनिवार स्व. राव श्योचंद राम की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर झुंझुनूं के जिला कलेक्टर अरुण गर्ग मौजूद रहे। अध्यक्षता हरफूल सिंह यादव आईएएस ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सेशन जज राकेश कुमार, सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी बड़ी के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड आईएएस मनोज कुमार गर्ग, दा राजस्थान स्कूल कोटपूतली के डायरेक्टर मधुर यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गुर्जर, नोबल शिक्षण समूह के डायरेक्टर डॉ संदीप नेहरा, डॉ रामानंद शर्मा, डॉ रहिस यादव, राहुल पूरणमल सुरोलिया, प्राचार्य सुरेंद्र कुमार यादव, राजेंद्र सिंह यादव, यादव महासभा के जिला अध्यक्ष रामचंद्र बोहरा बुहाना, हरिकिशन यादव, शकुंतला यादव, विजय कुमार पांडे, योगाचार्य ढाका राम सप कोटा, बाबूलाल यादव, दिनेश यादव, दारा सिंह, पशुपति कुमार शर्मा और ज्योतिष आचार्य कौशल दत्त शर्मा थे। कार्यक्रम संचालन डॉ अनिल शर्मा ने किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति को मानने वाले परिवार के बड़े बुजुर्गों का पूरा मान सम्मान करते है। यह नजारा हमें आज यहां दिखाई दे रहा है। यह सब राव श्योचंद राम की ओर से बच्चों को दिए संस्कार का नतीजा है। जो उनका परिवार पुण्य तिथि पर एक स्थान पर एकत्रित होकर सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ा रहे है। अब की युवा पीढ़ी को इस परिवार से यह सीख लेनी चाहिए ताकि हर परिवार सुख दुख में साथ खड़ा दिखाई दें।



**नारनौल।** स्मारिका का विमोचन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

**स्मारिका का विमोचन भी किया गया**

संयोजक डॉ उमराव सिंह यादव एडवोकेट ने बतायाइस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 36 यूनिट रक्तदान हुए। निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर इसमें 256 व्यक्तियों की जांच की गई तथा 20 व्यक्तियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 87 व्यक्तियों की जांच की गई। छात्रवृत्ति वितरण, प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम तथा गांधी पीस फाउंडेशन, नेपाल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में चयनित 26 लोगों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि वितरण कि गई। कार्यक्रम को जिला कलेक्टर झुन्झनूं, हर फूल सिंह यादव आईएएस, डॉक्टर मनोज कुमार गर्ग, डॉक्टर संदीप नेहरा, शकुंतला यादव डॉ दारा सिंह , डॉ पूरणमल सुरोलिया ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

